**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited**
**CIN No. : U85100BR2010SGC015886**

**BMSICL**
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः– 18/12/2023

## संशोधित कार्यालय आदेश

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल–सह–बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज के निर्माण हेतु संवेदक, Shapoorji Pallonji And Company Pvt. Ltd., Kolkata को इस निगम के पत्रांक BMSIC/80080/04-2020/3501 दिनांकः–18.07.2020 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया। कार्यादेश के अनुसार कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि 36 माह अर्थात् दिनांक 17.07.2023 है, परंतु लगभग 40 माह से अधिक बीत जाने के बावजूद भी संवेदक द्वारा मात्र 23 प्रतिशत कार्य ही कराया गया है।

दिनांक 30.11.2023 को प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संवेदक/प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्य की धीमी गति को देखते हुए पूर्व में आयोजित समीक्षात्मक बैठक के क्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद भी कार्य की अपेक्षित प्रगति के अभाव के परिणामस्वरूप तत्काल प्रभाव से संबंधित एजेंसी को नियमानुसार डिबार करने का निर्णय लिया गया एवं अप्रैल 2024 तक 50% कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में उप महाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी के द्वारा पत्रांक 254 दिनांक 06.12.2023 के माध्यम से इस कार्य के संवेदक Shapoorji Pallonji And Company Pvt. Ltd., Kolkata को Debar करने की अनुशंसा किया गया है।

पूर्व में भी संवेदक के द्वारा कार्य में बरती जा रही शिथिलता एवं उदासीनता को देखते हुए उप महाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी के पत्रांक–97 दिनांक–25.04.2023, पत्रांक–120 दिनांक–26.05.2023, पत्रांक–160 दिनांक–14.07.2023, पत्रांक–120 दिनांक–26.05.2023, पत्रांक–180 दिनांक–04.08.2023, पत्रांक–202 दिनांक–05.09.2023 एवं पत्रांक 231 दिनांक 14.10.2023 के माध्यम से परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु संवेदक को समय–समय पर निदेशित किया गया, परन्तु निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति का अभाव रहा। स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है, जो घोर लापरवाही एवं शिथिलता का द्योतक है।

उक्त के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित सुसंगत कंडिकाओं के तहत् अगले आदेश तक संवेदक, Shapoorji Pallonji And Company Pvt. Ltd., Kolkata को **Debar** किया जाता है। साथ ही संवेदक एक सप्ताह के अंदर अप्रैल 2024 तक 50% कार्य पूर्ण करने संबंधी शपथ–पत्र संबंधित उपमहाप्रबंधक (परि0) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्यालय के कार्यालय आदेश–सह–पठित ज्ञापांक BMSICL/80115/07-2021/7715 दिनांकः–12.12.2023 को इस हद तक संशोधित समझा जाये।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

13/12/23

**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited**
**2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,**
**Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.**
**Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289**
**www.bmsicl.gov.in**

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः–18/12/2023

प्रतिलिपिः– **Shapoorji Pallonji And Company Pvt. Ltd., Kolkata** को सूचनार्थ एवं दिए गए निदेश का अनुपालनार्थ प्रेषित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, लधु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना तथा अन्य सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः–18/12/2023

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः–18/12/2023

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सादर सूचनार्थ समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः– 18/12/2023

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80115/07-2021/7855 दिनांकः– 18/12/2023

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर Upload किया जाए।

13/12/23

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)